दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज ने किया मीडिया के लिए मेडिकल आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पत्रकारों के लिए आपदा प्रबंधन जरूरी

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अशोक वालिया ने किया प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज ने पत्रकारों के लिए आपदा प्रबंधन और फर्स्ट-एड पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में दुर्घटना या अचानक तबीयत बिगड़ने वाले व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए आपदा प्रबंधन की नीति पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन 'दिल्ली जर्नलिस्ट एसोसिएशन' के सहयोग से किया गया।

प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. अशोक कुमार वालिया ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आम लोगों को जानकारी होनी चाहिए जिससे अचानक तबीयत बिगड़ने पर मरीज को प्राथमिक चिकित्सा दी जा सके। अस्पताल ले जाने से पहले मरीज को बचाने के उपाय सीखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि एमएएमसी जीवनरक्षा केंद्र समय-समय पर लोगों को प्रशिक्षण दे रहा है।

डॉ. वालिया ने कहा कि दुर्घटना के समय या अचानक तबीयत बिगड़ने पर जान बचाने का काम राहगीर भी कर सकता है। ऐसी स्थिति में सहायता देना महत्वपूर्ण है।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के महासचिव रासविहारी ने कहा कि पत्रकारिता के काम में आमतौर पर तनाव बना रहता है। ऐसे में जरूरी है कि अपना और दूसरों का जीवन बचाने के लिए आपको बेसिक लाइफ सपोर्ट सिस्टम की जानकारी हो। दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि बेसिक लाइफ

आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डा. अशोक वालिया, मौलाना आजाद मेडिकल कालेज के डीन डा. ए के अग्रवाल, लोकनायक अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डा. रीता दीवान,एनयूजे आई के महासचिव रासविहारी और डीजेए के अध्यक्ष मनोज वर्मा